News item/letter/article/editorial published on 13/6/15 in the

Hindustan Times | Nav Bharat Times (Hindi) | M.P.Chronicle
Statesman | Punjab Keshari (Hindi) | A a j (Hindi)
The Times of India (N.D.) | The Hindu | Indian Nation
\ Indian Express | Rajasthan Patrika (Hindi) | Nai Duniya (Hindi)
Tribune | Deccan Chronicle | The Times of India (A)
Hindustan (Hindi) | Deccan Herald | Blitz

*and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.*


**ASSAM**

# Overflowing rivers flood new areas

**SAMUDRA GUPTA KASHYAP**
GUWAHATI, JUNE 12

THE OVERFLOWING Brahmaputra and several of its tributaries on Friday inundated fresh areas in Assam, affecting over two lakh people. Barpeta, Lakhimpur, Dhemaji and Sonitpur districts were the worst hit, said sources. In Barpeta district, over one lakh people have been affected and nearly 2,800 hectares of crops damaged or submerged.

While the Brahmaputra flowed above the danger mark in Nimatighat in Jorhat and Dhubri, its tributaries washed away roads, embankments and bridges in various districts.



**Flooded areas in Guwahati on Friday.** *PTI*

The flood situation remained grim in Sonitpur, Kokrajhar, Tinsukia, Goalpara and Dibrugarh districts too, while the state continued to receive heavy rain.

According to the Meteorological department, 10 of Assam's 27 districts have received excess rain between June 1 and 10, with Chirang and Goalpara districts recording 312 per cent and 243 per cent excess rain respectively in that period.

The water levels in Dibang, Lohit, Subansiri and Siang in Arunachal Pradesh have also risen due to excessive rain in the state, with those finally emptying into the Brahmaputra in Assam.

Water transport on the Brahmaputra has been prohibited between Nimatighat and Majuli island, while the plying of boats and other vessels after sunset has been banned in other segments of the Brahmaputra.

Many localities in Guwahati remained flooded following heavy rain overnight with Anil Nagar, Tarun Nagar and RG Baruah Road being worst hit.

News item/letter/article/editorial published on 13/6/15 in the

| | | |
|---|---|---|
| Hindustan Times | ✓ Nav Bharat Times (Hindi) | M.P.Chronicle |
| Statesman | Punjab Keshari (Hindi) | A a j (Hindi) |
| The Times of India (N.D.) | The Hindu | Indian Nation |
| Indian Express | Rajasthan Patrika (Hindi) | Nai Duniya (Hindi) |
| Tribune | Deccan Chronicle | The Times of India (A) |
| Hindustan (Hindi) | Deccan Herald | Blitz |

and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.

# आज से मौसम होगा सुहाना!

## 17 जून तक बादल छाने, आंधी चलने और बारिश की संभावना

■ नगर संवाददाता, नई दिल्ली

Anindya Chattopadhyay



तपती गर्मी से जूझ रहे दिल्ली वालों के लिए अच्छी खबर है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि दिल्ली और आसपास के इलाकों में शनिवार से बुधवार तक बादल छाए रह सकते हैं। साथ ही, 13 से 17 जून के दौरान बारिश होने की उम्मीद है। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान नॉर्मल से 2-3 डिग्री गिर सकता है। ठंडी हवाएं भी मौसम को सुहावना बनाएंगी।

शुक्रवार को मैक्सिमम टेंपरेचर नॉर्मल से 2 डिग्री ज्यादा के साथ 41.6 डिग्री दर्ज हुआ। मिनिमम टेंपरेचर नॉर्मल से एक डिग्री ज्यादा के साथ 29 डिग्री दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने कहा है कि शनिवार को बादल छाए रह सकते हैं। कुछ इलाकों में धूल भरी आंधी चलने की संभावना है। मैक्सिमम टेंपरेचर 41 और मिनिमम 28 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। 18 जून तक बादल छाए रह सकते हैं। इस दौरान दिल्ली और आसपास के इलाकों में हल्की बारिश होने की उम्मीद है। इस हफ्ते अधिकतम तापमान 38-39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28-29 डिग्री सेल्सियस जा सकता है।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि नए वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से उत्तर भारत के कई राज्यों में मौसम का पैटर्न एक बार फिर बदल सकता है। कुछ इलाकों में चक्रवाती हवाओं का सिस्टम बनेगा, जिससे बारिश होने की संभावना है। स्काइमेट के मौसम वैज्ञानिक महेश पलावत बताते हैं कि शनिवार की रात बारिश होने के ज्यादा चांस हैं। इसके बाद 14 से 16 जून के बीच दिल्ली और आसपास के इलाकों में बारिश होने की उम्मीद है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से राजस्थान और हरियाणा में चक्रवाती हवाओं का सिस्टम बनेगा। बिहार में भी चक्रवाती हवाओं का सिस्टम बनेगा। इन दोनों जगहों से दिल्ली की तरफ नमी वाली हवाएं पहुंचेंगी जिससे बारिश होगी। दिल्ली में हवाओं की दिशा बदलेगी। पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी दिशा से हवाएं दिल्ली की तरफ आ सकती हैं। वहीं चक्रवाती हवाओं से भी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में बारिश होने की उम्मीद है। अरब सागर में मौजूद अशोबा चक्रवात अब जा चुका है। इससे महाराष्ट्र और गुजरात में नमी वाली हवाएं दस्तक दे चुकी हैं। अब ये हवाएं शुक्रवार को दिल्ली की तरफ पहुंची हैं।

News item/letter/article/editorial published on 13/6/15 in the


| | | |
|---|---|---|
| Hindustan Times | ✓ Nav Bharat Times (Hindi) | M.P.Chronicle |
| Statesman | Punjab Keshari (Hindi) | A a j (Hindi) |
| The Times of India (N.D.) | The Hindu | Indian Nation |
| Indian Express | Rajasthan Patrika (Hindi) | Nai Duniya (Hindi) |
| Tribune | Deccan Chronicle | The Times of India (A) |
| Hindustan (Hindi) | Deccan Herald | Blitz |

*and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.*

www.nbt.in नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 13 जून 2015 देश 13

# असम में मॉनसून का सितम, पर इधर कब आओगे

दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ने रफ्तार पकड़ ली है। बारिश की रिमझिम फुहारें जहां महाराष्ट्र को भिगो रही हैं, वहीं बंगाल की खाड़ी से उठने वाला मॉनसून असम पर सितम ढा रहा है। गुरुवार को हुई बारिश ने राजस्थान के जोधपुर और आसपास के इलाकों में सड़कों को नालों में तब्दील कर दिया। लेकिन उत्तर को अब भी बारिश का इंतजार है।



असम में बाढ़

**असम में बारिश ने बिगाड़े हाल**
बारिश और बाढ़ से ब्रह्मपुत्र घाटी में 8,200 हेक्टेयर खेतों में फसल बर्बाद हो गई, 550 गांवों के 1.95 लाख लोग प्रभावित हुए।

**जब जोधपुर में सड़कें बनीं दरिया**
राजस्थान के जोधपुर में गुरुवार को मौसम ने पलटा खाया और कुछ इलाकों में झमाझम बारिश होने लगी। ▶



जोधपुर में सड़कें डूबीं

**मुंबई की सड़कों पर पानी ही पानी**
मुंबई में गुरुवार रात से शुक्रवार सुबह तक बारिश जारी रही।


**लेकिन उत्तर में गर्मी का जोर**
उत्तर भारत में गर्मी और लू के थपेड़ों से अब तक राहत नहीं मिली है। ▼



मुंबई में झमाझम



उत्तर में लू के थपेड़े




**बिजली गिरने से 6 की मौत :** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के एक गांव में बिजली गिरने से खेत में काम कर रहे छह मजदूरों की मौत हो गई और अन्य चार झुलस गए।

News item/letter/article/editorial published on 13/6/15 in the

| | | |
|---|---|---|
| Hindustan Times | Nav Bharat Times (Hindi) | M.P.Chronicle |
| Statesman | Punjab Keshari (Hindi) | A a j (Hindi) |
| The Times of India (N.D.) | The Hindu | Indian Nation |
| Indian Express | ✓Rajasthan Patrika (Hindi) | Nai Duniya (Hindi) |
| Tribune | Deccan Chronicle | The Times of India (A) |
| Hindustan (Hindi) | Deccan Herald | Blitz |

*and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.*

# पहली बारिश में भीगा सूरत

पत्रिका - 13-6-15

**सुबह तेज बौछारों से पारा 5 डिग्री लुढ़का, किसानों के चेहरे खिले, लेकिन मानसून के लिए अभी और इंतजार**

**उमरपाड़ा तहसील में सबसे ज्यादा 41 मिमी बारिश**

सूरत/बारडोली. @ पत्रिका

patrika.com



लंबे इंतजार के बाद सूरत में शुक्रवार सुबह हल्की बारिश हुई। इससे पारा नीचे लुढ़का, लेकिन उमस बढ़ गई। सूरत जिले की उमरपाड़ा तहसील में बादल जमकर बरसे। वहां 41 मिमी बारिश दर्ज की गई। इससे किसानों के चेहरे खिल गए हैं। हालांकि यह मानसून पूर्व की बारिश है। सूरत समेत दक्षिण गुजरात में मानसून 16 जून के आस-पास सक्रिय होने के आसार हैं। सूरत में पिछले कई दिनों से पारा घटता जा रहा है। शुक्रवार की बारिश से लगा कि मानसून ने दस्तक दे दी है, लेकिन यह बारिश असोबा चक्रवात के कारण हुई। सुबह के बाद आसमान खुल गया और फिर दिनभर बारिश नहीं हुई। गुरुवार से शुक्रवार सुबह तक शहर में 41 मिमी और शुक्रवार शाम तक 17 मिमी बारिश दर्ज की गई। गुरुवार को शहर का अधिकतम तापमान 35.0 और न्यूनतम 25.9 डिग्री था। शुक्रवार को यह क्रमशः 30.8 और 25.1 डिग्री दर्ज किया गया। पिछले साल 16 जून को मानसून ने दक्षिण गुजरात में दस्तक दी थी। इस साल भी आसार ऐसे नजर आ रहे हैं कि 16 जून के आस-पास ही मानसून दक्षिण गुजरात पहुंचेगा।

## चार की मौत

**कोलकाता.** बिजली गिरने से राज्य के हावड़ा व बर्दवान जिले में चार लोगों की मौत हो गई। दक्षिण बंगाल में पिछले 48 घंटे के दौरान अलग अलग इलाकों में चार लोग मारे गए। तूफान की वजह से ओवरहेड तार खुल जाने से ट्रेन सेवाएं बाधित रही।

## भरुच में बिजली गिरने से दो की मौत

**भरुच** जिले में शुक्रवार सुबह आसमान काले बादलों से घिर गया और कुछ इलाकों में हल्की बरसात हुई। जंबूसर तहसील के गामडी गांव में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगो की मौत हो गई। भरुच शहर के कई इलाकों में बिजली गुल हो जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पूरे दिन रुक-रुककर हल्की बरसात का दौर जारी रहा। शहर के पांच बत्ती, शक्तिनाथ, जाडेश्वर इलाके में एक घंटे हल्की बरसात हुई। इस बरसात ने ही पालिका के प्री मानसून कार्यों की पोल खोल दी। शहर के कसक इलाके में पानी जमा हो जाने से वाहन चालकों के साथ राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। जंबूसर तहसील के गामडी गांव में समुद्र किनारे मछली पकड़ने गए दो मछुआरे आकाशीय बिजली गिरने से झुलस गए। दोनों को जंबूसर के रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां से उन्हें वड़ोदरा के सयाजी राव अस्पताल भेज दिया गया। वहां दोनों की मौत हो गई।

News item/letter/article/editorial published on 13/6/15 in the

Hindustan Times
Statesman
The Times of India (N.D.)
Indian Express
Tribune
Hindustan (Hindi)
Nav Bharat Times (Hindi)
Punjab Keshari (Hindi)
The Hindu
Rajasthan Patrika (Hindi)
Deccan Chronicle
Deccan Herald
M.P.Chronicle
A a j (Hindi)
Indian Nation
Nai Duniya (Hindi)
The Times of India (A)
Blitz

*and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.*

# भूकंप के दो झटके

**काठमांडो,** (भाषा): नेपाल में आज 4.6 और 4.4 तीव्रता के भूकंप के दो हल्के झटके महसूस किए गए। इससे देश में दो भीषण भूकंप के बाद आए 'आफ्टरशाक' की कुल संख्या 313 हो गई है। पहला भूकंप रात में एक बजकर 22 मिनट (स्थानीय समयानुसार) पर रिकार्ड किया गया और इसका केंद्र काठमांडो से करीब 150 किलोमीटर पश्चिम दोलखा में था। सुबह में 10 बजकर 19 मिनट (स्थानीय समयानुसार) पर 4.4 तीव्रता का दूसरा झटका आया। इसका भी केंद्र दोलखा जिले में था। इन दोनों भूकंप से पहले कल मध्य नेपाल में 5.3 तीव्रता का भूकंप आया था।

काठमांडो स्थित राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक कल रात में नौ बजकर 57 मिनट पर आए भूकंप का केंद्र काठमांडो के उत्तर पूर्व में 60 किलोमीटर दूर सिंधूपालचौक जिले में था। नेपाल में दो शक्तिशाली भूकंपों में 8,800 लोगों की मौत हो गयी थी और भीषण तबाही हुई।

पंजाब-13-6-15